यूजीसी कानून के विरोध में लोगों का फूटा आक्रोश

वीथिका भवन से निकली रैली, अम्बेडकर चौक पर सरकार के खिलाफ हुई नारेबाजी

नवभारत न्यूज

सीधी 29 जनवरी। यूजीसी कानून के विरोध में आज गुरुवार को लोगों का आक्रोश फूटा।जिला मुख्यालय सीधी में बड़ा प्रदर्शन किया गया। दोपहर करीब 3 बजे शहर के विथिका भवन से एक विशाल रैली निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में छात्र, सामान्य वर्ग के लोग और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रमुख मार्गों से होती हुई रैली अम्बेडकर चौक पहुंची। यहां प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, क्षत्रिय महासभा और विभिन्न व्यापारी संगठनों ने भी खुलकर समर्थन दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह कानून समाज के अलग-अलग वर्गों के बीच टकराव पैदा कर सकता है। उनका आरोप है कि इससे शैक्षणिक व्यवस्था और सामाजिक संतुलन दोनों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के खिलाफ भी विरोध में नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर जनभावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष पंडित राकेश दुबे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूजीसी का यह कानून समाज में मतभेद पैदा करने वाला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कानून को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह विरोध सिर्फ सीधी तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे देश में जारी रहेगा। इस दौरान पुष्पराज मिश्रा, विक्रम सिंह, विकाश नारायण तिवारी, मार्तण्ड मिश्रा, शत्रुधन पाण्डेय, आर.एन.गौतम, शिवांशु द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह, बद्री मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

रैली के समापन के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अपर कलेक्टर ने बताया कि ज्ञापन को आगे भेजा जाएगा और पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी।

परिषद और कांग्रेस संगठन के बीच सामूहिक सहमति से कार्य करना आवश्यक : राहुल

सीधी नपा के विकास को लेकर कांग्रेस की हुई अहम बैठक

नवभारत न्यूज

सीधी 29 जनवरी। जवाहर कांग्रेस भवन में नगर पालिका परिषद सीधी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्षदगणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों एवं कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों से नगर विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी की राय एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा सीधी नगर पालिका क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दिया। अजय सिंह राहुल ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए परिषद और कांग्रेस संगठन के बीच बेहतर समन्वय एवं सामूहिक सहमति से कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, जनहित को प्राथमिकता देने तथा नगर वासियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे।

बैठक का उद्देश्य नगर पालिका परिषद और कांग्रेस संगठन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर सीधी शहर को विकास की नई दिशा देना रहा।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह सहित कांग्रेस पार्षदगण आनंद सिंह, विनोद मिश्रा, श्रीमती कुमुदिनी सिंह, श्रीमती कंचन सिंह, मनोज सिंह, श्रीमती मेनका सिंह, प्रभात सिंह, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती सोनम सोनी, रत्नीश सोनी, रमेश साकेत, ओंकार सिंह कर्चुली, हल्के सोनी एवं रजनीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

पटपरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा समापन, भंडारे में जुटे हजारों श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

सीधी 29 जनवरी। कांग्रेस प्रवक्ता पंकज सिंह द्वारा अपने पूज्य पिता स्व.संतोष सिंह की पुण्य स्मृति में आयोजित वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा समापन और भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह, प्रदेश सचिव राजभान सिंह, पूर्व अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा, नपा उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, कुमुदिनी सिंह, महामंत्री जय सिंह, नवीन सिंह, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, सुधीर सिंह देवरहा, शशिकला द्विवेदी, मेनका प्रभात सिंह, अरविन्द तिवारी संकट, रामभिलाष पटेल, ओमकार कर्चुली, रेखा सिंह, नागेश्वर साकेत सहित प्रमुख क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य अतुल पाठक नीलकंठ धाम मौहार के मुखारविंद से भागवत कथा का रसास्वादन किया। साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर आचार्य अतुल पाठक महाराज ने बताया कि जो भगवान में जुड़ गया वह कभी टूटता नहीं, उक्त की व्याख्या करते हुए गुरु जी ने बताया कि श्रीकृष्ण लीला का अवसान होता है और भगवान गोलोक गमन की तैयारी करते हैं तब पृथ्वी पर शोक फैल जाता है। उद्धव जी अत्यंत व्याकुल होकर श्रीकृष्ण से कहते हैं प्रभु आपके बिना यह संसार शून्य हो जाएगा, मैं कैसे जीवित रहूं, तब भगवान श्रीकृष्ण उद्धव को भागवत का गूढ़ रहस्य बताते हैं कि उद्धव जिसने मुझे हृदय में धारण कर लिया, उसका कुछ भी नष्ट नहीं होता। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा एवं अध्यात्म का भाव बना रहा। कथा आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ है।

कुष्ठ रोग खोजी अभियान के एक दिवसीय प्रशिक्षण में दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

सीधी 29 जनवरी। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 27 जनवरी को कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का एक दिवसीय फील्ड स्टॉफ का प्रशिक्षण जिले में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कुष्ठ रोग के निदान, उपचार और विकृति की रोक-थाम के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर राज्य स्तर से धर्मेन्द्र कुशवाहा, सीएमएचओ डॉ.बबिता खरे, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.नागेन्द्र बिहारी दुबे, समस्त बीएमओ, बीसीएम, बीपीएम, विकासखंड के डाटा एंट्री ऑपरेटर, कुष्ठ सुपरवाइजर शेषमणि त्रिपाठी, कुष्ठ कार्यकर्ता रजनीश तिवारी और स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बताया गया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक जिले में कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत जनसमुदाय में कुष्ठ रोग को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने और सही जानकारी देने के लिए अपील, संकल्प वाचन, आईईसी गतिविधियां, ड्राइंग प्रतियोगिता, क्विज, वाद-विवाद, स्लोगन लेखन आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 11 फरवरी से 5 मार्च 2026 तक जिले में कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। यह भी बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

इस अवसर पर जिले में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाने और नए रोगियों की पहचान के लिए विशेष अभियान संचालित किए जाएंगे। समस्त आशा कार्यकर्ताओ को निर्देशित किया गया है कि अपने क्षेत्र के संपर्क में रहे और संदेहप्रद, उपचार मुक्त और उपचाररत कुष्ठ रोगियों की जानकारी के साथ 30 जनवरी को प्रात: 11 बजे एनएचएम सभागार में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंवे।

मोहनी देवी स्टेडियम में उल्लासपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय पर्व, नगर परिषद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

चुरहट 29 जनवरी। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस बड़े ही गरिमामयी व उल्लास पूर्वक नगर परिषद चुरहट की अध्यक्ष श्रीमती मोनिका विजय गुप्ता के मुख्य आतिथ्य, एसडीएम चुरहट शैलेष द्विवेदी के विशिष्ट आतिथ्य व सीएमओ रामावतार पटेल की विशेष उपस्थिती में मोहनी देवी स्टेडियम मे सम्पन्न हुआ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा नेहरु जी प्रतिमा स्थल पर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात स्व.कुंवर अर्जुन सिंह प्रतिमा स्थल पर ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद नगर परिषद कार्यालय में मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। कार्यालय के पश्चात मोहनी देवी स्टेडियम पहुंचकर मुख्य अतिथि की आसंदी से ध्वजारोहण करते हुये मुख्यमंत्री के नाम संदेश का वाचन किया गया, वही एसडीएम चुरहट की उपस्थिति में परेड निरीक्षण व मार्च पास्ट की सलामी ली गयी। इस दौरान निकाय अंतर्गत संचालित शासकीय व अशासकीय विद्यालयों की उपस्थिती बनी रही। जहां छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय पर्व से ओत प्रोत मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुती बिखेरी गयी। स्टेडियम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, विंध्या एकेडमी, रायल पब्लिक, अजय मेमोरियल, कन्या हायर सेकण्डरी विद्यालय, अरूणोदय शिक्षा निकेतन, माडल विद्यालय सर्रा, सरस्वती विद्यालय बालक हायर सेकण्डरी के संस्था प्रमुख व छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहे। सामूहिक परेड में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रथम, द्वितीय विंध्या एकेडमी व तृतीय स्थान रायल पब्लिक स्कूल का रहा। सामूहिक नृत्य में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रथम, अजय मेमोरियल एवं सरस्वती विद्यालय द्वितीय एवं विंध्या एकेडमी का तृतीय रहा। सामूहिक गान रायल पब्लिक स्कूल प्रथम व दूसरा स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय का रहा। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम में प्रतिभा बिखेरने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। वही विभिन्न विद्यालयो में कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा मे अच्छा परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओ को मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती मोनिका गुप्ता के द्वारा इस आयोजन मे अहम भूमिका का निर्वहन करने वाले निकाय के कर्मचारी व सामाजिक जनो को भी सम्मानित किया गया। जिनमे प्रमुख रुप से जवाहर नवोदय प्राचार्य डॉ.डी.के.द्विवेदी, बालेन्द द्विवेदी संचालक व प्राचार्य कृपाशंकर द्विवेदी विंध्या एकेडमी, कन्या प्राचार्य अशोक तिवारी, विजय सिंह संचालकए, एड.रमेश सिंह, सत्यम सोनी, जगदीश गुप्ता सहित अन्य विभाग प्रमुखो व विद्यालय प्रमुखो को सम्मानित किया गया। इस दौरान चुरहट की बाल गायिका राधिका पाण्डेय के द्वारा हारमोनियम के साथ मनमोहक देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। जहां मुख्य अतिथि के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एड.रमेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, अशोक तिवारी प्राचार्य, उपयंत्री डॉ.प्रफुल्ल गुप्ता, अनुसुइया सोनी, रमाकांत पाण्डेय, विपुल पाण्डेय, रवि पाण्डेय, राजेन्द्र पटेल लिपिक, सुचिता, पद्माकर सिंह, अपर्णा पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पीएमश्री टमसार में एक दिवसीय अनुभव साझा कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

कुसमी 29 जनवरी। पीएम श्री शासकीय उ.मा.विद्यालय टमसार में 21वीं सदी के जीवन कौशल सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला जन शिक्षा केन्द्र टमसार प्राचार्य रामपाल सिंह एवं लखपति सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान मेरी सीख गैलरी एवं विद्यार्थियों की मेरी सीख कॉपियों का अवलोकन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता एवं सीख को सराहा

गया। शिक्षकों, जनशिक्षकों, मास्टर ट्रेनर्स, हेड मास्टर्स द्वारा अनुभव साझा किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य एवं सीएसी श्री पाण्डेय के द्वारा शिक्षकों को बधाई दी गई साथ ही प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया, साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना के किए। कार्यक्रम की अहमियत को बताया साथ ही बच्चों में हुए बदलाव को भी साझा किया गया। उक्त कार्यशाला में ब्लॉक मैनेजर अरुण कुमार झरबड़े, मास्टर ट्रेनर मुकेश कुमार तनवर, पुनीत गुप्ता, सीएसी रामकृष्ण पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

गोपद नदी घाट में अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सीधी 29 जनवरी। प्रभारी खनि निरीक्षक शिशिर यादव एवं देवेन्द्र महोबे द्वारा ग्राम गोतरा उत्तर टोला, तहसील कुसमी से प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान गोपद नदी घाट पर छापामार कार्यवाही की गई।

मौके पर खनिज रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए बिना नंबर का ट्रैक्टर जॉन डियर मॉडल 5038डी पाया गया। चालक के पास खनिज उत्खनन/परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर वाहन को नियमानुसार जब्त कर पुलिस चौकी टिकरी एवं तत्पश्चात सुरक्षा की दृष्टि से थाना परिसर मड़वास में खड़ा कराया गया। जांच दल को देखकर चालक एवं मजदूर मौके से फरार हो गए। इसी प्रकार ग्राम खोचीपुर, तहसील बहरी से खनिज गिट्टी का अनाधिकृत परिवहन ई-टीपी के बिना कर रहे वाहन टाटा 407 क्रमांक एमपी 66 जी 1632 को चालक वृहस्पति यादव पिता मुन्ना यादव निवासी ग्राम शिवपुरवा तहसील गोपदबनास के कब्जे से जब्त कर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में सैनिक शिवशंकर सिंह, अनिल पाठक, तेजबहादुर सिंह, नंदीलाल रावत, वाहन चालक रामपाल केवट एवं अश्वनी तिवारी की भूमिका सराहनीय रही।

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिये किसानों का पंजीयन 7 से

नवभारत न्यूज

सीधी 29 जनवरी। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है। इसके लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा।

किसान एमपी किसान ऐप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल ऐप के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं। जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पंजीयन कराएं, क्योंकि केवल पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाएगी। पंजीयन की निःशुल्क सुविधा स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर उपलब्ध है। इसके अति. एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे में 50 रूपये शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाता विवरण दर्ज करें, जिससे भुगतान ऑनलाइन किया जा सके। पंजीयन हेतु बोए गए खेत के खसरा नं. की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी अनिवार्य होगी। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। भूमि स्वामी किसान एवं सिकमी किसान के मध्य 2 फरवरी से पूर्व वैधानिक अनुबंध होने पर ही सिकमी किसान को समर्थन मूल्य पर पंजीयन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ, देश-विदेश के अभिनेता, फिल्ममेकर हुए शामिल

नवभारत न्यूज

सीधी 29 जनवरी। वैष्णवी गार्डन सीधी में बुधवार को विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े फिल्म आयोजन विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 7वें संस्करण का भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति के संरक्षक इंजी.आर.बी.सिंह एवं डॉ.अनूप मिश्र सहित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सृजन मिश्र द्वारा मां वीणावादिनी की वंदना से हुई, जिसमें बांसुरी पर रवी और तबले पर सत्यदीप द्विवेदी गोलू ने संगत की। इसके पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। फेस्टिवल में देश-विदेश से अनेक प्रतिष्ठित कलाकारों और फिल्ममेकरों की उपस्थिति रही। प्रमुख अतिथियों में अभिनेत्री कामना पाठक मुंबई, अभिनेता संदीप श्रीधर मुंबई, फिल्ममेकर स्टीफानो रोसेत्ती इटली, इंद्रमोहन सिंह, सतीश सिंह बादल मुंबई, आशीष बाथरी म.प्र., सूर्यकांत वर्मा उ.प्र., सम्पत कुमार सुब्रमण्यम, प्रभा केए तमिलनाडु, पुष्पेंद्र अल्बे म.प्र., रोहित पाटीदार, राजेश धवले महाराष्ट्र और संजय तिवारी उ.प्र. शामिल रहे। उद्घाटन सत्र के बाद फिल्मों की स्क्रीनिंग शुरू हुई। प्रदर्शित फिल्मों में रूबरू फेस टू फेस-कपिल तनवार, बैलड ऑफ द माउंटेन-तरुण जैन, लिपस्टिक-सौमित्रा सिंह, शाइनिंग शैडोज-स्टीफानो रोसेत्ती इटली, अनिकालन ऑर्नामेंट-एस.के.सुब्रमणियन, देविला-प्रभा केए, जमना बाई- आशीष बाथरी म.प्र. तथा फीचर फिल्में जूठन-पुष्पेंद्र अल्बे और साइरा खान, केस- स्वाति व करण रजदान शामिल रहीं। इसी दौरान कनिष्क तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक सीधी फाइल्स का विमोचन वरिष्ठ पत्रकार एवं समीक्षक गिरिजा शंकर भोपाल ने किया कहा कि रंगकर्म और साहित्य के क्षेत्र में सीधी निरंतर प्रगति कर रही है अब चाहे जितनी भी बाधाएं आएं रोक नहीं पाएंगी। अभिनेत्री कामना पाठक ने कहा कि यह धरती सिद्धभूमि बीरबल और बाणभट्ट की जन्मभूमि व कर्मभूमि है और मेरी भी इसे हम सब मिलकर वैश्विक पहचान दिलायेंगे। समिति के संरक्षण डॉ.अनूप मिश्रा ने पुस्तक के लिए कनिष्क को बधाई दिया। फेस्टिवल का आयोजन इंद्रवती नाट्य समिति सीधी और ट्रांसफ्रेम के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। फेस्टिवल निदेशक प्रवीण सिंह ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य नए फिल्ममेकरों को मंच देना, वरिष्ठों को सम्मानित करना और सीधी के दर्शकों तक गुणवत्तापूर्ण सिनेमा पहुंचाना है। वहीं प्रबंधक नीरज कुंदेर ने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को फिल्मों के माध्यम से सकारात्मक दिशा देने और सीधी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए किया जाता है। आयोजन में रोशनी प्रसाद मिश्र, रजनीश जायसवाल, शिव नारायण कुंदेर और प्रजीत साकेत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन आर्यन अर्जुले ने किया।

इन फिल्मों की आज होगी स्क्रीनिंग

30 जनवरी को 10 बजे अपराह्न से जिन फिल्मों की स्क्रीनिंग उनमें इलिजिटिमेट-भारत-सतीश वसंत रास्ते, टीटी एस -भारत-चार्ल्स लियो पनादन, नॉट-भारत-अभय परवीन गुप्ता, आफ्टरवर्ड्स-भारत म.प्र.-तनमय जोशी, नज़रियां-भारत-चित्रांश श्रीवास्तव, केलू दा ढाबा-भारत म.प्र.-रोहित पाटीदार, ए डे विद वेतुआ-भारत-संजय तिवारी, चौखट द फ्रेम-भारत-राजेश धवले, शैडो-भारत-संजय चंद्रशेखरन, वार्निंग-भारत-अनुपमा सिरसलेवाला, कुर्ता-भारत-धर्मेन्द्र एस.सिसोदिया शामिल हैं।